प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.08.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–सरकार का निवेश के लिए आधारभूत ढांचे की मज़बूती पर विशेष ज़ोर।
- नगरीय निकाय आम चुनाव के लिए सभी जिलों में चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन।
- ईद मिलादुन्नबी का पर्व आज प्रदेशभर में धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- मौसम विभाग के अनुसार आज 17 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए सरकार आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, सड़क सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में निवेशकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल राजस्थान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि उद्योग और निवेश के लिए सुविधाओं के विस्तार और प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से बदलते राजस्थान में ज्यादा से ज्यादा निवेश करने का आह्वान किया। साथ ही श्री शर्मा ने राजस्थान फाउंडेशन चैप्टर्स की बैठकें समय–समय पर आयोजित करने के भी निर्देश दिए ताकि प्रवासी राजस्थानियों के सुझावों और अनुभवों का लाभ राज्य को मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शेखावाटी की 662 एतिहासिक हवेलियों को संरक्षण के लिए भी चिन्हित किया है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

0000

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को व्यवस्थित, स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में आयोजित करने के उद्देश्य से सभी जिलों में चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक के आदेश अनुसार गठित प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की ओर से लगभग 13 हजार 76 पीआरओ तथा पीओ प्रथम जैसे मतदान कार्मिकों को आज और कल प्रशिक्षण दिया जाएगा। सवाईमाधोपुर, भरतपुर और जैसलमेर में भी प्रशासन द्वारा गठित टीमें अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशिक्षण दे रही है। इन प्रशिक्षण शिविरों में मतदान प्रक्रिया और ईवीएम संचालन की जानकारी देने के साथ ही प्रतिभागियों को मशीनों का व्यवहारिक अभ्यास भी कराया जा रहा हैं। इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए स्वीप गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

0000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में अगली पीढ़ी के सुधार और गवर्नेंस में बदलाव समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता, न्याय, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रभावी नीति क्रियान्वयन का आधार है। श्री निवास ने यह बात कल इटली में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज–आईआईएएस के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। रोम स्थित सैपिएन्जा यूनिवर्सिटी में हो रहे 51वें यूरोपियन ग्रुप फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सम्मेलन की थीम 'पब्लिक गवर्नेंस फॉर द कॉमन गुड– ह्यूमन इंटेलिजेंस सर्विंग द ग्लोबल कम्युनिटी' रखी गई थी। इस मौके पर मुख्य सचिव ने राजस्थान में किए जा रहे अगली पीढ़ी के प्रशासनिक सुधारों को वैश्विक मंच पर रेखांकित करते हुए कहा कि 'विकसित राजस्थान/2047' विजन में नागरिक–केंद्रित शासन, समग्र विकास और आधारभूत संरचना की मजबूती को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने राजस्थान संपर्क प्लेटफॉर्म के माध्यम से जन शिकायतों के निस्तारण, राज–काज एनालिटिक्स के जरिए विभागीय प्रदर्शन की समीक्षा तथा मिशन राजीविका के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के प्रयासों का उल्लेख किया। साथ ही, उन्होंने राज उन्नति के माध्यम से प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रभावी समीक्षा को भी रेखांकित किया।

0000

आज ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिन की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन को बाराह वफात भी कहा जाता है। यह पर्व अमन, शांति, भाईचारे और मानवता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रदेशभर में घरों, मस्जिदों, बाजारों और प्रतिष्ठानों को सजाया जा रहा है।

राजधानी जयपुर में आज दोपहर चार–दरवाजा स्थित मौलाना जियाउद्दीन चौराहे से मुख्य जुलुस निकाला जायेगा। यह जुलुस सुभाषचौक, जोरावर सिंह गेट और रामगढ मोड होते हुए कर्बला पंहुचेगा।
बाडमेर, पाली और भीलवाडा सहित सभी जिलों में इस मौके पर खास जुलुस निकाले जायेंगे। अजमेर से हमारी संवाददाता ने बताया कि यहां जश्न का माहोल बना हुआ है और ख्वाजा साहब की दरगाह को विशेष रूप से सजाया गया है।

....

इस दौरान पुलिस और प्रशासन ने यातायात सहित शांति व्यवस्था बनाये रखने के पुख्ता इंतजाम किए है।

0000

गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर को मनाया जायेगा और 15 सितंबर को गणेशजी की शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। इन्हीं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कल मोती डूंगरी के परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि 15 सितंबर को शोभायात्रा मोती डूंगरी गणेश मंदिर से रवाना होकर मोती डूंगरी रोड, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, चौगान चौराहा एवं ब्रह्मपुरी होते हुए श्री गढ़ गणेशजी मंदिर पहुंचकर विसर्जित होगी।

0000

प्रदेश में कल राजधानी जयपुर सहित करीब 18 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश बूंदी के तालेड़ा में 70 मिलीमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज 17 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान उदयपुर, अजमेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में भी हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। कल से 2 सितंबर के तक पूर्वी क्षेत्रों में एक बार फिर बारिश की गतिविधियों में कमी आएगी। हालांकि, कोटा संभाग के कुछ भागों में 27–28 अगस्त को हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना जतायी जा रही है।

0000